भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: *179
दिनांक 04 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आंध्र प्रदेश में कैंसर का उपचार

***179. श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में कैंसर के उन्नत उपचार हेतु सुविधाओं की सुलभता के संबंध में कोई आकलन किया है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रीय कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केंद्रों की आवश्यकता के संबंध में आकलन किया है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 04 अगस्त, 2026 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *179 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य एवं अस्पताल राज्य के विषय हैं तथा कैंसर परिचर्या सहित अन्य स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएँ प्रदान करने का मुख्य दायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। तथापि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत देश भर के राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में कैंसर सहित अन्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के लिए बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, मानव संसाधन विकास, स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान, रेफरल, उपचार और स्वास्थ्य संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

आंध्र प्रदेश में इस कार्यक्रम के तहत 28 जिला एनसीडी प्रकोष्ठ, 9 जिला एनसीडी क्लीनिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 227 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित योजना के अनुसार, सरकार ने विकेंद्रीकृत कैंसर परिचर्या सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए देश भर के जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित करने की परिकल्पना की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, आंध्र प्रदेश में 14 डीसीसीसी सहित देश भर में 297 नए डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित करने हेतु मंजूरी दी गई। वर्तमान में, आंध्र प्रदेश में 23 डीसीसीसी सहित देश भर में 524 डीसीसीसी कार्यशील हैं।

एनपी-एनसीडी के तहत, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और आंध्र प्रदेश सहित देश भर के अन्य जन स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से सामान्य कैंसर, जैसे- मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जनसंख्या आधारित जांच की जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करते हैं । कैंसर के संदिग्ध व्यक्तियों को आगे की और जांच तथा उपचार करने के लिए उच्चतर स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा जाता है।

विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्रों को सुदृढ़ करने संबंधी योजना के तहत, राज्यों और संघ राज्य क्षेंत्रों को राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) स्थापित करने के लिए अनुमोदित प्रस्तावों और निर्धारित मानदंडों के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत, आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित कुरनूल मेडिकल कॉलेज के एससीआई सहित देश भर में कुल 39 संस्थानों (19 एससीआई और 20 टीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है ।

इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश में, परमाणु ऊर्जा विभाग के अनुदानप्राप्त संस्थान टाटा मेमोरियल सेंटर के अंतर्गत विशाखापत्तनम स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएचआरसी) कार्यशील हैं और व्यापक कैंसर परिचर्या सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), मंगलागिरी, कैंसर परिचर्या सहित विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करता है।

*****